यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

---

**प्रेस विज्ञप्ति**

## 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही/वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 25 के मुख्य बिन्दु

1. बैंक के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष में अपेक्षित अनुमोदन के अधीन **रु. 4.75** प्रति इक्विटी शेयर (रु.10 प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य का 47.5%) के लाभांश की संस्तुति की है.

2. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर **31.79%** की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान बैंक के गैर-ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर **23.21%** की वृद्धि हुई है.

3. **कारोबार संवृद्धि में गति**
बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष **7.82%** की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर **8.62%** की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर **7.22%** की वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2025 तक बैंक का कुल कारोबार **₹ 22,92,644** करोड़ है.

4. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
वैश्विक जमाराशि में वर्ष दर वर्ष **7.22%** की वृद्धि हुई है. 31 मार्च, 2025 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार **₹ 13,09,750** करोड़ है.

5. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में संवृद्धि**
बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर **10.17%** की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में **22.14%** की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में **12.50%** की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम **56.20%** है.

6. **एनपीए में कमी: -**
31.03.2025 को कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 116 बीपीएस की गिरावट के साथ **3.60%** रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 40 बीपीएस की गिरावट के साथ 0.63% रहा है.

7. **सशक्त पूंजी अनुपात**
31.03.2024 को सीआरएआर **16.97%** के सापेक्ष दिनांक 31.03.2025 को सुधार के साथ **18.02%** रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 31.03.2024 के **13.65%** के सापेक्ष 31.03.2025 को सुधार के साथ **14.98%** रहा.

8. **प्रतिलाभ में सुधार:**
वित्तीय वर्ष 2025 के दौरान बैंक का आस्तियों में वर्ष दर वर्ष **23** बीपीएस के सुधार के साथ प्रतिलाभ **1.26%** & इक्विटी में वर्ष दर वर्ष 162 बीपीएस सुधार के साथ प्रतिलाभ **17.20%** रहा.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
भारत सरकार का उपक्रम

Union Bank of India
A Government of India Undertaking

# परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

| ₹ करोड़ में | तिमाही | | | वार्षिक | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | दिसंबर-24 (तिमाही) | मार्च-25 (तिमाही) | तिमाही दर तिमाही(%) | मार्च-24 (वित्त वर्ष) | मार्च-25 (वित्त वर्ष) | वर्ष दर वर्ष(%) |
| कुल कारोबार | 21,65,726 | 22,92,644 | 5.86 | 21,26,412 | 22,92,644 | 7.82 |
| वैश्विक जमा | 12,16,562 | 13,09,750 | 7.66 | 12,21,528 | 13,09,750 | 7.22 |
| चालू जमा | 66,912 | 86,410 | 29.14 | 73,785 | 86,410 | 17.11 |
| बचत जमा | 3,28,416 | 3,39,916 | 3.50 | 3,36,349 | 3,39,916 | 1.06 |
| कासा | 3,95,328 | 4,26,325 | 7.84 | 4,10,134 | 4,26,325 | 3.95 |
| कासा (%)-घरेलू | 33.43 | 33.52 | 9 bps | 34.20 | 33.52 | -68 bps |
| सीडी अनुपात (%) | 80.38 | 77.35 | -303 bps | 75.65 | 77.35 | 170 bps |
| खुदरा | 2,01,812 | 2,16,777 | 7.42 | 1,77,488 | 2,16,777 | 22.14 |
| कृषि | 1,85,284 | 1,78,479 | -3.67 | 1,83,833 | 1,78,479 | -2.91 |
| एमएसएमई | 1,30,437 | 1,36,423 | 4.59 | 1,21,269 | 1,36,423 | 12.50 |
| सकल अग्रिम | 9,49,164 | 9,82,894 | 3.55 | 9,04,884 | 9,82,894 | 8.62 |
| **आय** | | | | | | |
| ब्याज आय | 26,958 | 27,695 | 2.74 | 99,778 | 1,07,726 | 7.97 |
| ब्याज से इतर आय | 4,417 | 5,559 | 25.87 | 16,080 | 19,813 | 23.21 |
| ब्याज व्यय | 17,718 | 18,181 | 2.62 | 63,208 | 70,512 | 11.56 |
| परिचालन व्यय | 6,165 | 7,373 | 19.59 | 24,440 | 25,937 | 6.12 |
| निवल ब्याज आय | 9,240 | 9,514 | 2.96 | 36,570 | 37,214 | 1.76 |
| परिचालन लाभ | 7,492 | 7,700 | 2.78 | 28,211 | 31,090 | 10.21 |
| निवल लाभ | 4,604 | 4,985 | 8.28 | 13,648 | 17,987 | 31.79 |
| **अनुपात** | | | | | | |
| एनआईएम (%) | 2.91 | 2.87 | -4 bps | 3.10 | 2.91 | -19 bps |
| जमा लागत (%) | 5.56 | 5.60 | 4 bps | 5.22 | 5.53 | 31 bps |
| अग्रिम से प्राप्त लाभ(%) | 8.78 | 8.72 | -6 bps | 8.73 | 8.74 | 1 bps |
| आय लागत अनुपात (%) | 45.14 | 48.91 | 377 bps | 46.42 | 45.48 | -94 bps |
| आरओए (%) | 1.30 | 1.35 | 5 bps | 1.03 | 1.26 | 23 bps |
| सकल एनपीए (%) | 3.85 | 3.60 | -25 bps | 4.76 | 3.60 | -116 bps |
| निवल एनपीए(%) | 0.82 | 0.63 | -19 bps | 1.03 | 0.63 | -40 bps |
| पीसीआर (%) | 93.42 | 94.61 | 119 bps | 92.69 | 94.61 | 192 bps |
| सीईटी-1 (%) | 13.59 | 14.98 | 139 bps | 13.65 | 14.98 | 133 bps |
| सीआरएआर (%) | 16.72 | 18.02 | 130 bps | 16.97 | 18.02 | 105 bps |

**नेटवर्क:**

- **8,621 शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित**
- **8,910 एटीएम**
- **23,574 बीसी पॉइंट्स**
- **135 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)**
- **137 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)**
- **54 एएलपी ( कृषि ऋण केंद्र)**
- **114 एमएसएमई फ़र्स्ट, शाखाएं**
- **1,685 गोल्ड ऋण केंद्र**
- **12 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं एवं 38 मिड कॉर्पोरेट शाखाएं**
- **3 एसएएमबी एवं 30 एआरबी**

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेडीवाई और एपीवाई के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को समाप्त करना और समाज के निम्न आय वर्ग को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसमें 31 मार्च, 2025 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 6.08 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 31 मार्च, 2025 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 23.27 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 31.03.2025 तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ₹ 13,266 करोड़ की राशि के कुल 3.21 करोड़ खाते खोले हैं. 31.03. 2024 तक ₹ 10,918 करोड़ की राशि के कुल 2.95 करोड़ खाते खोले गए थे.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 31 मार्च, 2025 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 2.19 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति**:
  वित्तीय वर्ष 2025 के बारह माह के दौरान ₹ 2,577 करोड़ के 20,820 आवेदन मंजूर किए गए.

- **हरित पहल की ओर ऋण सुविधा: -**
  1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 31.03.2025 तक ₹ 28,742 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.
  2) **यूनियन ग्रीन माइल्स: -** 31.03.2025 तक ₹ 779 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

दिनांक: 8 मई, 2025
स्थान: मुंबई